संस्कार विद्या निकेतन 800 बच्चों को देगा निशुल्क शिक्षा

इस साल से संस्कार विद्या निकेतन शहर की दो लोकेशन पर शुरू होगा

Initiative For Kids

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) और दैनिक भास्कर द्वारा 2015 में संस्कार विद्या निकेतन स्कूल की शुरुआत हुई थी। यह स्कूल टीएसवीएस कैंपस में है। यहां सालभर में 100 बच्चियों को एडमिशन दिया गया, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से ताल्लुक रखती थीं। 2016 में 200 और साल 2017 में 400 बच्चियों को केजी वन से पांचवीं कक्षा में एडमिशन दिया जा चुका है। इन बच्चों के एडमिशन से लेकर कॉपी-किताबें, यूनिफॉर्म, बैग, बॉटल से लेकर ट्रांसपोर्ट तक की पूरी व्यवस्था निशुल्क रहती है। बच्चे इंग्लिश मीडियम में क्वालिफाइड टीचर्स से शिक्षा हासिल करती हैं। आवेदक अपना बीपीएल कार्ड और एडमिशन संबंधी दस्तावेज लेकर एप्लाई कर सकते हैं।

एमपी नगर और कोतवाली में भी स्कूल

इस साल से संस्कार विद्या निकेतन दो लोकेशन पर शुरू होगा। दैनिक भास्कर कार्यालय के सामने स्थित 31-प्रेस कॉम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1 में 200 छात्राओं को प्रवेश जाएगा। ओल्ड भास्कर बिल्डिंग (कोतवाली रोड) पर भी इतनी ही बच्चियों को एडमिशन दिया जाएगा। दोनों ही सेंटर्स पर केजी-1 से तीसरी कक्षा तक एडमिशन होंगे। इस तरह इस साल संस्कार विद्या निकेतन में 800 लड़कियों को प्रवेश मिलेगा। एमपी नगर सेंटर पर एडमिशन प्रोसेस शुरू हो चुकी है और ओल्ड भास्कर कोतवाली रोड पर जुलाई के दूसरे हफ्ते से एडमिशन प्रोसेस शुरू होगी।